अवैध बालू लदे 6 वाहन जब्त, 2 गिरफ्तार

हाजीपुर (आससे)। जिला पदाधिकारी, यशपाल मीणा के निर्देशअनुसार जिले मे बालु के अवैध खनन परिवहन के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई किया जा रहा है।

शनिवार के रात्री मे वैशाली प्रशासन और सोनपुर प्रशासन ने अवैध बालु के विरुद्ध संयुक्त कार्रवाई किया गया गंगाब्रिज, सोनपुर थाना, खान निरीक्षक, खनिज विकास पदाधिकारी के साथ अनुमंडल पदाधिकारी ने महात्मा गाँधी सेतु पुल के निचे तेरसिया सबलपुर दिआरा मे बालु के अवैध खनन, परिवहन पर नकेल कसने के लिए करवाई किया। जिसमे संलिप्त तीन हाइवा, एक ट्रेक्टर को जब्त कर गंगाब्रिज थाना मे लगाया गया है। साथ ही मौके से दो ब्यक्तियो को गिरफ्तार कर गंगाब्रिज थाना को सुपुर्द किया गया। उक्त जब्त वाहनों मे से शिव महिमा रोडलाइन्स एंव परमेस्वर इंटरप्राइजेज मार्का का गाड़ी शामिल है। सभी जब्त वाहनों के मालिक चालक एंव उसके सहयोगी के विरुद्ध कानूनी करवाई की जा रही है।

वहीं शुक्रवार को अहले सुबह अनजानपीर स्थान पे बालु के अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई मे दो बिना चालान बालु ओवरलोड ट्रेक्टर को खान निरीक्षक एंव खनिज विकास पदाधिकारी के द्वारा जब्त कर नगर थाना को हस्तगत कराया, जिसपे एक लाख सात हजार जुर्माना अधिरोपित किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा नियमित से लघु खनिज बालु के अवैध कारोबार के विरुद्ध करवाई हेतु निदेशित किया जाता रहा है।

पूर्व मुखिया पुत्र की हत्या का मामले के मुख्य आरोपित गिरफ्तार

भारी मात्रा में कारतूस, हथियार एवं चाकू भी बरामद

बिहारशरीफ। नगर थाना क्षेत्र के हवेली खंधा में शनिवार की शाम गोली और चाकू मार कर हुए पूर्व मुखिया पुत्र के हत्या मामले में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली हैं। गुप्त सूचना पर पुलिस ने रामाजीचक बहियार गांव से मुख्य आरोपी को भारी मात्रा में कारतूस, हथियार हत्या में प्रयुक्त चाकू को बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी गुड्डू सिंह है। जो मृतक का सगा चाचा है।

सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि घटना के बाद आरोपी के रामजीचक गांव के खेत में छुपे होने की सूचना मिली। इसके बाद इलाके की घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसकी तलाशी लेने पर इसके पास से दो पिस्टल, 17 कारतूस, हत्या में प्रयुक्त चाकू और एक बाइक को बरामद किया गया। आरोपी सरसों के खेत में छिपा हुआ था। हत्या का कारण पूर्व के पारिवारिक विवाद में बदला लेने के मकसद से की गई थी।

मृतक पूर्व मुखिया स्व पप्पू सिंह के पुत्र विशाल उर्फ गोपाल कुमार की पत्नी सोमा कुमारी ने दो आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराई है। एक अन्य फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। छापेमारी टीम में प्रशिक्षु डीएसपी अजहरुद्दीन, आसिफ आलम थानाध्यक्ष रामशंकर सिंह, दारोगा चंदन कुमार, गुलाम मुस्तफा, धर्मेंद्र कुमार, गौरव कुमार, तौकीर खान, सिपाही अमन कुमार, गौरव कुमार सोनू, विकास, अविनाश व पुलिस बल के जवान शामिल थे।

हाईवे पर लूट कांड को अंजाम देने वाले मास्टरमाइंड मिथिलेश समेत 4 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर । जिला पुलिस ने बढ़ते अपराध के ग्राफ को देखते हुए इस पर नियंत्रण में जुट गई है और अपराधियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है । ताकि अपराधियों के बीच भय का माहौल बने। इसी क्रम में पुलिस ने कुख्यात अपराधियों को पकड़ने में सफलता पाई है। दरअसल पुलिस की विशेष युनिट डीआईयू को सूचना मिली कि मोतीपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर बलमी स्थित बगीचा में कुछ अपराधी इकट्ठा होकर सीएसपी संचालक से बड़ी लूट की योजना में है। सूचना के आधार पर डीएसपी पश्चिम अभिषेक आनंद के नेतृत्व में एक टीम बनाकर मौके पर छापेमारी की गई। बताया जाता है कि इस दौरान पुलिस को देखकर कई अपराधी मौके से भागने लगे। लेकिन पुलिस ने खदेड़ कर चार अपराधियों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर इन सभी के पास से हथियार और स्मैक बरामद की गई। पकड़े गए अपराधियों की पहचान पारु थाना क्षेत्र के छपरा आरा गांव निवासी मिथिलेश कुमार, मोतीपुर के महवल के रहनेवाले बालेंद्र कुमार उसी गांव के विकास कुमार और मोतीपुर बलमी के अनमोल कुमार गिरी के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से तीन पिस्टल, 14 जिंदा गोली, 60 पुड़िया स्मैक, तीन बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक इस गिरोह का मास्टरमाइंड मिथिलेश है। जो अपना गिरोह बनाकर सीएसपी संचालक से लूटपाट करते थे। हैरानी की बात है कि इस गिरोह में इंटर और ग्रेजुएशन का छात्र भी शामिल है। पुलिस उसकी भी तलाश में छापेमारी कर रही है।

एसएसपी राकेश कुमार ने बताया कि इन सभी अपराधियों पर पहले से कई संगीन मामला दर्ज है।

अगलगी में घर जला, लाखों का नुकसान

केसरिया (पूर्वी)(संसू)। प्रखंड अंतर्गत पूर्वी सोन्दरापुर बिजधरी निजात वार्ड नंबर 13 मे खाना बनाने के दौरान आग लगने से उमेश राय और भरत राय का घर सहीत उसमें रखा हुआ अनाज, एक मोटरसाइकिल, लगभग 40 हजार रुपए आभूषण और जमीन का दास्तवेज समेत अन्य समान जलकर खाक हो गया। वोही पर आप के नेता रामधार राय एवं ग्रामीणों के सूचना पर केसरिया थाना से तुरंत अग्निशामक पहुंचने पर तुरंत आग पर काबू पाया गया । साथ में आप के नेता रामअधार राय ने अग्नि पीड़ितों के लिए सरकार से मुआवजे राशि का मांग की है की अग्निपीडीतो को इंदिरा आवास जल्द से जल्द मिले और खाने के लिए खाद्य सामग्री एवं गर्म कपड़े भी दिया जाए ।

डीएम-एसपी ने अहले सुबह जेल में की छापेमारी

आरा (भोजपुर)। रविवार को एकदम सुबह लगभग 7:00 बजे के आसपास जिला पदाधिकारी भोजपुर पुलिस अधीक्षक भोजपुर, सहायक पुलिस अधीक्षक सदर, एसडीएम सदर दोनों प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक, नगर और नवादा थाना अध्यक्ष तथा पुलिस बल के साथ आरा जेल में छापेमारी की गई तथा संपूर्ण वार्ड की नियमानुसार जांच और चेकिंग किया गया।

उद्देश्य यही था कि जेल के अंदर किसी भी प्रकार की होने वाली आपराधिक घटनाओं के लिए साजिश तथा अन्य किसी अवैध गतिविधि को चेक किया जाए तथा उस पर विधिक करवाई किया जाए। आज की छापामारी में फिलहाल किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध सामग्री या आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई है।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के द्वारा जेल अधीक्षक को जेल परिसर में निगरानी रखने के साथ कई महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए, जिससे किसी प्रकार की अवैध व आपराधिक गतिविधियों की साजिश या अन्य प्रकार की गतिविधि जेल परिसर में नहीं होने पाए। आगे भी जेल परिसर में आकस्मिक रूप से छापामारी और चेकिंग जारी रहेगी।

बीपीएससी शिक्षिका ने पति को बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

समस्तीपुर (आससे)। जिले में बीपीएससी परीक्षा पास कर हाल ही में शिक्षिका बनी एक महिला ने अपने पति को सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। मामला सिंघिया में दुर्गा स्थान चौक का है। महिला द्वारा अपने पति को इस कदर पीटते देख हर कोई हैरान रह गया। चौक पर बहुत देर तक अफरातफरी का माहौल रहा। इस हाईवॉल्टेज ड्रामे के चलते करीब आधे घंटे तक यातायात भी जाम हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। फिर कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैफिक को सुचारू करवाया गया। यह घटना जानकारी के अनुसार, महिला अपने पति के अवैध संबंधों से तंग आ चुकी थी, इसलिए उसने उसकी बीच सड़क पर ही पिटाई कर दी। बीपीएससी शिक्षिका ने बताया कि उसके पति का रोसड़ा में एक लड़की के साथ अवैध संबंध है। कुछ महीनों पूर्व इस बात की जानकारी जब उसे हुई, तो वह थाने शिकायत की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पत्नी के अनुसार, गिरफ्तार होने के बाद पति ने उसे ठीक से रहने का आश्वासन दिया। तब केस खत्म कराकर उसे जेल से निकलवा लिया। शिक्षिका ने बताया कि जेल से बाहर आने के बाद वह उसके साथ गांव घर आया। लेकिन रात में ही धोखा देकर घर से फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि उसका पति एक मकान लेकर अपनी प्रेमिका (कथित पत्नी) के साथ रह रहा है। इसके बाद शिक्षिका अपने ससुर के साथ सिंघिया आई और अपने पति की तलाश शुरू की। शाम को दुर्गा चौक के पास उसका पति मिल गया। अपनी पत्नी को देखकर युवक भागने लगा। फिर महिला ने दौड़कर उसे पकड़ा तो वह हाथापाई करने लगा।

हत्या कर शव को पेड़ पर लटकाने मामले में तीन धराये

बगहा (आससे)। पुलिस जिला बगहा अंतर्गत गोबरहिया थाना क्षेत्र के शेरवा दोन में एक नाबालिक किशोरी की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाने मामले में पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. वही इस घटना में शामिल तीन अन्य फरार आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है.

एसपी सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि विगत 20 जनवरी को शेरवा दोन में करीब आधा दर्जन लोगों के द्वारा एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म कर शव को पेड़ से लटका दिया गया था . इस मामले में पीड़िता की मां के लिखित आवेदन पर गोबरहिया थाने में मामला दर्ज किया गया था . हालांकि उक्त घटना को लेकर एसपी ने स्वयं भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था और पीड़िता के माता पिता से मिलकर किशोरी की विधिवत जानकारी लिया व आस पास के लोगो से भी पूछताछ भी की गई थी जिसके बाद रामनगर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एस आई टी टीम का गठन किया गया था . इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों के गठीत टीम द्वारा गुप्त सूचना एवं तकनिकी विशलेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर एसपी अभियान देवेश कुमार मिश्रा तथा लौकरिया पुलिस की सहायता से मामले में संलिप्त 03 (तीन) अभियुक्तों क्रमश बिनोद महतो, गोविन्द मॉझी, सिकन्दर मॉझी सभी शेरवा दोन को गिरफ्तार किया हैं . एसपी ने बताया कि तीनों अभियुक्त घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार भी किया है साथ ही इस घटना में तीन अन्य अभियुक्तो की संलिप्तता को स्वीकारा है. एसपी ने बताया कि फरार अभियुक्तो की गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापामारी की जा रही है. वही उन्होंने बताया कि गठित टीम में शामिल एसपी अभियान दिवेश कुमार मिश्रा, एसडीपीओ रामनगर नन्दजी प्रसाद, थानाध्यक्ष गोबरहिया पुअनि रामानन्द साह, पुअनि नरेन्द्र सिंह, गोबरहिया थाना, सअनि संतोष कुमार राम शामिल हैं वही एसपी ने बताया कि टीम में शामिल सभी पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस कर्मियों को पुलिस प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा।

वैशाली में विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत

हाजीपुर (आससे)। वैशाली थाना क्षेत्र के नया टोला गांव से पुलिस अधिकारी ने एक विवाहित महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। महिला का शव घर के दरवाजे पर चटाई पर लिटाया हुआ था। मृतक की पहचान सोमा देवी के रूप में हुई हैं। घटना की सूचना पाकर पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी है। ससुराल पक्ष के सभी लोग फरार हैं। उसका भाई वैशाली थाना क्षेत्र के धर्मपुर जातकोली गांव निवासी सुनील कुमार ने बताया कि मेरी बहन सोमा देवी की शादी 12 पहले नया टोला गांव निवासी ओम प्रकाश राम से हुई थी। उसके तीन बच्चे भी हैं। दो लड़का एक पांच साल और दूसरा 7 साल है जबकि एक लड़की जो की दस साल की है। बताया कि उसका पति ओम प्रकाश राम शराब पीता था और इसके लिए वे मना करती रहती थी। ओम प्रकाश राम उसे मारपीट करता था, मायके से शिकायत भी करती थी। वे हमेशा शराब पीकर घर में मारपीट करता था। जब वे शराब पीने से मना की तो पीट-पीटकर हत्या कर दी है।

बाइक की ठोकर से अधेड़ की मौत

हाजीपुर (आससे)। जिले के काजीपुर थाना क्षेत्र के एनएच 22 स्थित धोबघट्टी गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक की ठोकर से घायल अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के चकहमीदा बेरई गांव निवासी 57 वर्षीय लालदेव पासवान के रूप में हुई है। घटना शनिवार की देर रात की है सदर थाना क्षेत्र के चकहमीदा बेरइ गांव निवासी लालदेव पासवान अपने एक रिश्तेदार के साथ लालगंज स्थित अपने बेटी की घर से वापस लौट रहे थे।

प्रॉपर्टी डीलर की हत्या का उद्भेदन

अनूप के करीबी संतोष ने किया विश्वासघात, हड़पना चाहता था करोड़ों की जमीन

मोतिहारी (आससे)। मोतिहारी एसपी कान्तेश कुमार मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में विगत 11 फरवरी को सुगौली थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन टॉल प्लाजा के निकट स्कार्पियो सवार अज्ञात अपराधियों द्वारा अनूप सिंह की हत्या कर दी गयी थी उस समय अनूप सिंह अपने कार से मोतिहारी आ रहे थे की रास्ते में बादमाशो ने घेर उन्हें चार गोली मारी थी जिससे उनकी मृतु हो गयी थी वे रक्सौल हरैया के रहने वाले प्रोपटी डीलर थे 7 अपुन कुमार सिंह की हत्या के लिए अपराधियों को 30 लाख रूपये की सुपारी दी गयी थी. सुपारी देने वाला और कोई नहीं, बल्कि अनुप के सबसे करीब रहने वाला उसका विश्वासपात्र संतोष सिंह है, जो रक्सौल चिकनी का रहने वाला है. पुलिस ने अनुप की हत्या का षड्यंत्र रचने वाले संतोष के साथ-साथ घटना को अंजाम देने वाले सीतामढ़ी जिले के तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने रविवार को प्रेसवार्ता में उक्त जानकारी दी. बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में संतोष के अलावा सीतामढ़ी सहियारा का सौरभ कुमार सिंह, मेजरगंज का शिवम कुमार सिंह व रीगा का श्रवण कुमार शामिल है. उनके पास से दो देसी पिस्टल, चार गोली व घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो बरामद हुआ है. उन्होंने बताया कि रक्सौल की किमती जमीन हड़पने के लिए संतोष ने अनुप की हत्या का षड्यंत्र रचा. उसने अपने भतीजे विशाल सिंह के माध्यम से सीतामढ़ी के कंट्रैक्ट किलरों को हॉयर किया. अनुप की हत्या के लिए उसने अपराधियों को 30 लाख रूपये सुपारी दी, जिसके बाद अपराधियों ने 11 फरवरी को सुगौली टॉल प्लाजा के पास चार चक्का गाड़ी में सवार अनुप को गोलियों से छलनी कर मौत के घाट उतारा. घटना के बाद सदर एएसपी शिखर चौधरी व रक्सौल डीएसपी धीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्पेशल टीम का गठन किया गया. पुलिस ने वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान कर घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो नम्बर के माध्यम से अपराधियों तक पहुंची. सीतामढ़ी से तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनसे गहन पूछताछ की गयी. उसके बाद घटना का परत दर परत खुलासा होते चला गया. पुलिस ने विशाल के घर छापेमारी की तो वह फरार मिला, लेकिन उसके घर से हथियार बरामद हुआ. उसके विरूद्ध हरैया थाने में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है. छापेमारी में सदर एएसपी व रक्सौल डीएसपी के साथ पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार, सुगौली अंचल पुलिस निरीक्षक अनिल सिन्हा, सुगौली थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार, पलनवा थानाध्यक्ष रमेश कुमार महतो, बंजरिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, हरैया ओपी के प्रभारी अनुज कुमार सिंह, जिला आसूचना इकाई के प्रभारी मनीष कुमार, सुगौली थाना के दारोगा अभिनव कुमार, त्रिभुवन कुमार सहित अन्य शामिल थे।

कार और बाइक सवार के बीच हिंसक झड़प

मुजफ्फरपुर । रोड रेंज के कारण दो गुट आपस में भिर गए। और जमकर चाकू बाजी हुई। थोड़ी देर के लिए मौके पर अफरातफरी का माहौल रहा। घटना नगर थाना इलाके के अमर सिनेमा चौक की है।

जहां शुक्रवार की रात साइड देने के क्रम में एक कार सवार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे भड़के बाइक सवार ने स्थानीय युवकों के साथ मिलकर कार सवार के साथ बुरी तरह मारपीट की गई। जिसमे कार सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।

बाइक सवार के साथ देने युवकों के द्वारा कार सवार को सर और पीठ में आठ जगह चाकू मारा गया है। जहां कार सवार युवक को जख्मी हालत में मुजफ्फरपुर के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका चिकित्सकों के देखरेख में इलाज चल रहा है। वही सड़क पर हुए खूनी झड़प की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस की टीम मामले की जांच में जुट गई है। जख्मी कार चालक की पहचान मोतीपुर निवासी रंजीत कुमार सिंह के रूप में हुई है।

घायल युवक के अनुसार बाइक में ठोकर लगने के बाद बाइक सवार के समर्थन में मौके पर पहुंचे पचास से अधिक युवकों के ने हॉकी स्टिक और चाकू से उसके ऊपर जानलेवा हमला किया गया। हालांकि गनीमत रही की इस हमले में युवक की जान बच गई।

वर्गीकृत

शपथ पत्र

मैं, परमेश्वर राम, पिता सतेन्द्र राम, साकिन तेजपुरवा टोला चैनपुर पोस्ट मिर्जापुर थाना मढ़ौरा जिला सारण हाल पता सलेमपुर छपरा जिला सारण शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि परमेश्वर राम एवं रामकृष्ण कुमार राम दोनों नाम मेरा है मैं दोनों नाम से जाना वह पहचाना जाता हूं.
9/509/23

शपथ पत्र

यह सूचनार्थ किया जाता है कि सीबीएसई द्वारा जारी केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा वर्ष 2018 अनुक्रमांक 7117677 उत्तीर्ण करने से संबंधित मेरा मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो/नष्ट हो गया है। जिसकी जानकारी मुझे नहीं है। नाम ऐश्वर्य कुमार सत्संगी मोहल्ला स्वेता नगर पोस्ट गजाधरगंज थाना आउन जिला बक्सर पिन कोड-802103 का रहने वाला हूं। मोबाइल नंबर-8507132061

बिहार राज्य आर्य प्रतिनिधि सभा
प्रधान कार्यालय : श्री मुनीश्वरानन्द भवन, नया टोला, पटना-800004 (बिहार)

सूचना

दैनिक समाचार पत्र प्रभात खबर पृष्ठ 15 पर दिनांक-09.02.2024 दयानन्द कन्या विद्यालय, मीठापुर पटना एवं आज समाचार पत्र पृष्ठ-11 पर दिनांक-09.02.2024 के आर्य कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय नया टोला, पटना-04 तथा दैनिक समाचार पत्र 'आज' में दिनांक-05.02.2024 को डी.ए.भी. हाई स्कूल-2 दानापुर कैन्ट पटना में तथाकथित सचिव द्वारा शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मी की नियुक्ति हेतु झूठा एवं भ्रामक विज्ञापन निकाला गया है। यह भी स्पष्ट है कि ये विद्यालय अल्पसंख्यक विद्यालय है। इनके प्रबंध समिति से संबंधित वाद सं.-05/23 राजस्व परिषद् एवं माननीय उच्च न्यायालय, पटना में (LPA) 408/23 निर्णयाधीन है। तीनों विद्यालय में निकाले गये विज्ञापन को तात्कालिक प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।
अत: रिक्तियों से संबंधित उक्त विज्ञापन को रद्द किया जाता है।
(अरुण कुमार आर्य)
मंत्री

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

पटाखों से झुलसकर बच्ची घायल, अस्पताल में भर्ती

जहानाबाद। जिले के परस बिगहा थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव में पटाखें के बारूद से झुलसकर एक बच्ची गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। घटना के बाद परिजनों ने आनन फानन में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेतहर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया है। घायल बच्ची इमादपुर गांव निवासी अजीत कुमार की 10 वर्षीय पुत्री रेशमी कुमारी बतायी जाती है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि शनिवार की रात गांव में बारात आयी थी जहां जमकर पटाखें छोड़े गए थे। सोमवार की सुबह गांव के बच्चे के साथ रेशमी गिरे हुए पटाखे को चुनकर उसमें बच्चे हुए बारूद को इक्ठा कर ली। इसी दौरान एक बच्चे ने माचिस से आग लगा दिया जिससे बच्ची गंभीर रूप से झुलस गई।

बच्ची की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े चले आये और उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी गंभीर हालत को देखकर चिकित्सकों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया है।

करंट लगने से एक युवक घायल

मखदुमपुर। रविवार को मखदुमपुर बाजार स्थित मखदुमपुर डीह मोहल्ला में इनवाइटर में पानी डालने के दौरान करंट लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, घायल युवक डकरा गांव निवासी टिंकू कुमार बताया जाता है। जो मखदूमपुर डीह मोहल्ले में किराए के मकान में रहता है। जानकारी के अनुसार डकरा गांव निवासी टिंकू मखदुमपुर डीह मोहल्ले में डेरा लेकर रहता है जहां रविवार की शाम इनवर्टर में पानी डाल रहा था इसी दौरान इनवर्टर के किसी तार के संपर्क में आ गया जिससे उन्हें करंट लग गई, घायल युवक को इलाज के लिए रेफर अस्पताल मखदुमपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया है।

सड़क दुर्घटना में दो युवक जख्मी

राजगीर (नालंदा) (आससे)। स्थानीय गढ़ महादेव मंदिर के पास रविवार की सुबह बाइक से डोली ले जा रहे दो व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गये हैं। दोनों घायल डोली यूनियन के सदस्य हैं। यूनियन अध्यक्ष कृष्णा चंद्रवंशी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब छह बजे की है। सुबह में नंदू चंद्रवंशी और कमलेश प्रसाद दोनों बाइक से डोली लेकर कुंड की ओर जा रहे थे।

उसी दौरान गढ़ महादेव मंदिर के समीप दोनों अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये। इस दुर्घटना में दोनों बुरी तरह जख्मी हो गये हैं।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निबंधक सहयोग समितियां बिहार, पटना के पत्रांक 328 दिनांक 13.01.2023 के द्वारा निर्गत पत्र के अनुपालन में महम्मदपुर पैक्स के द्वारा कार्मिकों (प्रबंधक) की नियुक्ति हेतु आदर्श सेवा नियमावली के तहत इच्छुक उम्मीदवार पैक्स कार्यालय से विभागीय नियमावली की जानकारी प्राप्त करते हुए महम्मदपुर पैक्स कार्यालय में दिनांक 19.02.2024 से 26.02.2024 तक 11 बजे पूर्वाह्न से 5 बजे अपराह्न के बीच आवेदन जमा कर सकते है। ज्ञात है कि कार्मिक नीति पैक्स का आंतरिक मामला है, इसमें पैक्स प्रबंधक आवश्यकतानुसार परिवर्तन करने हेतु स्वतंत्र है।
सुनील यादव
पैक्स अध्यक्ष
पंचायत महम्मदपुर सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा)

पुलिस ने गांजे के 50 हरे पौधे किये जब्त

सिरदला। पुलिस ने क्षेत्र के बैजनाथपुर गांव में गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर खेत से गांजा का हरा 50 पौधा बरामद किया है। सूचना आकलन के बाद सिरदला थानाध्यक्ष संजीत राम ने वरीय पदाधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए विशेष टीम गठित कर बैजनाथपुर गांव में सघन छापेमारी कर तीन खेतों में लहलहा रहे हरा गांजा का पौधा काट कर जब्त कर लिया है इस दौरान मजिस्ट्रेट के रूप में सिरदला बीडीओ दीपेश कुमार भी मौजूद थे। बीडीओ को देख रेख में लहलहाती गांजा की खेती को विनिष्ट किया गया और जब्त कर गांजा के हरे पौधों को सिरदला थाना लाया गया है इस मामले में तीन लोगो के खिलाफ सिरदला थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

FORM G
INVITATION FOR EXPRESSION OF INTEREST FOR PURULIA METAL CASTING PRIVATE LIMITED OPERATING IN PRODUCTION OF VALUE-ADDED STEEL PRODUCTS AT FACTORY UNIT, PURULIA
[Under sub-regulation (1) of regulation 36A of the Insolvency and Bankruptcy Board of India (Insolvency Resolution Process for Corporate Persons) Regulations, 2016]

RELEVANT PARTICULARS

1.	Name of the corporate debtor along with PAN & CIN/LLP No.	Purulia Metal Casting Private Limited, PAN: AADCP4189P, CIN: [illegible]
2.	Address of the registered office	31, Ganesh Chandra Avenue 4D/1, 4th Floor, Kolkata, West Bengal, India, 700013
3.	URL of website	https://www.prestigetmt.com/
4.	Details of place where majority of fixed assets are located	Factory: Purulia, Barakar Road (West Bengal) Registered office: Kolkata
5.	Installed capacity of main products/ services	Induction Furnace (MI) x1, 15Mt x 3, MS Billets, Sinter Plant, Re-rolling Mill, TMT - 1,20,000 TPA (Refer EOI for details)
6.	Quantity and value of main products/ services sold in last financial year *For further details refer EOI documents	Turnover as per the Audited Financial Statement Year 2020-21: Rs. 41,938.50 Lacs Turnover as per GST return (unaudited) 2021-22: Rs. 25,532.58 Lacs 2022-23: Rs. 14,604.54 Lacs (April'22 to Oct'22)
7.	Number of employees/ workmen	3 Nos, unit non-operational as on CIRP
8.	Further details including last available financial statements (with schedules) of two years, lists of creditors are available at URL:	E-mail by raising specific request at e-mail: [illegible] Creditor list: https://ibbi.gov.in Company website: https://www.prestigetmt.com
9.	Eligibility for resolution applicants under section 25(2)(h) of the Code is available at URL:	Eligibility criteria as per the detailed Expression of Interest process document, can be sought by email to: [illegible]
10.	Last date for receipt of expression of interest	04th March, 2024
11.	Date of issue of provisional list of prospective resolution applicants	14th March, 2024
12.	Last date for submission of objections to provisional list	19th March, 2024
13.	Date of issue of final list of prospective resolution applicants	[illegible] March, 2024
14.	Date of issue of information memorandum, evaluation matrix and request for resolution plans to prospective resolution applicants	25th March, 2024
15.	Last date for submission of resolution plans	25th April, 2024
16.	Process email id to submit Expression of Interest	[illegible]

Date: 18.02.2024
Place: Kolkata
Sd/- Jitendra Lohia, Interim Resolution Professional
[illegible]
For Purulia Metal Casting Private Limited